सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 259 | इंदौर, सोमवार 01 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## भोजशाला का इतिहास खंगालने 56 महल संग्रहालय जा सकती है एएसआई की टीम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

धार। धार और मांडू दोनों प्राचीनतम नगरों और उनके इतिहास का शताब्दियों से नाता रहा है। धार स्थित भोजशाला का प्रामाणिक इतिहास खंगालने भोजशाला में सर्वे कर रहा केंद्रीय पुरातत्व सर्वेक्षण भारत सरकार के विशेषज्ञों का सर्वे दल पांच अप्रैल शुक्रवार को मांडू पहुंच सकता है।

इस दौरान यहां संग्रहालय में रखी हुई परमार कालीन और भोजशाला से प्राप्त यहां लाई गई मूर्तियों का अध्ययन कर सकता है। मांडू में परमार काल का लंबा शासन रहा है ऐसे में भोजशाला से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग यानी एएसआई के विशेषज्ञों का सर्वे दल शुक्रवार को मांडू के राज्य पुरातत्व विभाग के अधीन आने वाले 56 महल संग्रहालय पहुंचेगा। इसके साथ ही राज्य पुरातत्व विभाग के अधीन आने वाले धार किले स्थित संग्रहालय पर भी एएसआई का दल पहुंचेगा। जहां भोजशाला से दशकों पूर्व लाए गए शिलालेख का भी अध्ययन करेगा। इतिहास के जानकारों का मानना है कि इन दोनों स्थानों पर दल के भ्रमण के बाद परमार कालीन भोजशाला से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती है।

### 56 महल संग्रहालय में रखी है भोजशाला से प्राप्त धनपति कुबेर की प्रतिमा

केंद्रीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के विशेषज्ञों का दल विशेष तौर पर यहां 56 महल संग्रहालय में रखी परमार कालीन धनपति कुबेर की प्रतिमा को देखने और उसका परीक्षण करने आ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धनपति कुबेर की प्रतिमा को लगभग दो दशक पूर्व भोजशाला से यहां स्थापित किया गया था। इसके अलावा यहां बूढ़ी मांडू और धार जिले के अन्य क्षेत्रों से प्राप्त परमार कालीन प्रतिमाएं भी हैं।

### धार किले में रखा भोजशाला का शिलालेख देखने पहुंचेगा दल

प्राप्त जानकारी के अनुसार भोजशाला के सर्वे में लगे विशेषज्ञों का दल धार के प्राचीन किले भी पहुंचेगा। यहां भोजशाला से लाए गए शिलालेख को संग्रहालय में रखा गया है। इतिहास के जानकारों के अनुसार यह यह शिलालेख भोजकालीन है और परमार कालीन प्रसिद्ध नृत्य नाटिका पारिजात मंजरी के एक भाग का कुछ अंश है। इस शिलालेख पर प्राकृत भाषा में लिखा हुआ है। एएसआई का सर्वे दल यहां पहुंचकर पूरा अवशेषों का अध्ययन कर भोजशाला के प्रामाणिक इतिहास संकलित कर सकता है। हालांकि इस बात को लेकर किसी ने भी कोई पुष्टि नहीं की है। इधर इतिहास के जानकारी और पुरातत्त्वविदों का कहना है कि धार की भोजशाला की जो आकृति है। इस आकृति और शैली के कई महल मांडू में भी देखने को मिलते हैं। मांडू भी राजा भोज और परमारों की कर्म स्थली रहा है। यदि मांडू स्थित परमार कालीन पूरा अवशेषों का गहन अध्ययन किया जाए सकता है।

# RGPV में 19.48 करोड़ का घोटाला-30 दिन बाद भी खाली हाथ पुलिस

## 3 टीमें आरोपियों की तलाश में जुटीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । RGPV में 19.48 करोड़ की गड़बड़ी के मामले की 3 मार्च को FIR दर्ज की गई थी। तब से अब तक 30 दिन हो चुके हैं। इसके बाद भी पुलिस मुख्य आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी। दावा किया जा रहा है कि आरोपी तत्कालीन रजिस्ट्रार आरएस राजपूत, रिटायर फाइनेंस कंट्रोलर ऋषिकेष वर्मा, तत्कालीन कुलपति प्रो. सुनील कुमार की तलाश में SIT की 3 टीमें जुटी हैं।



आधा दर्जन से अधिक संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा चुकी है। इसके बाद भी तीनों आरोपियों का पुलिस कोई सुराग नहीं जुटा सकी है। हालांकि, इस बीच पुलिस ने 22 मार्च को RBL बैंक में बतौर टास्क हेड कार्यरत रहे कुमार मयंक को गिरफ्तार किया था। वहीं, बैरागढ़ के सहायक पुलिस आयुक्त अनिल शुक्ला ने कहा- मामले की जांच की जा रही है, जब्त किए दस्तावेजों की भी तजदीक की जा रही है, आरोपियों की तलाश में पुलिस की तीन टीमे जुटी हैं और कई स्थानों पर हमारे द्वारा दबिश दी जा चुकी है।

दूसरी ओर, FIR दर्ज होने के बाद से ABVP कार्यकर्ता आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने रविवार को भी भोपाल पुलिस कमिश्नर के कार्यालय पर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। इस धरने में बड़ी संख्या में छात्राएं भी शामिल रहीं।

### गिरफ्तारी को लेकर पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन

इससे पहले ABVP कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र को ज्ञापन दिया था। संगठन के सह मंत्री जशवंत यादव बताया कि हमने ज्ञापन में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल में चल रहे आर्थिक भ्रष्टाचार के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। ABVP की मांग के चलते विश्वविद्यालय प्रशासन ने गांधी नगर थाने में 3 मार्च को केस दर्ज किया था। तब से अब तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। यह न केवल आश्चर्यजनक है, बल्कि न्यायिक व्यवस्था पर भी प्रश्न खड़ा करता है।

### 22 मार्च को हुई थी कुमार मयंक की गिरफ्तारी

इस मामले में पुलिस ने 22 मार्च को पहली गिरफ्तारी की थी। पुलिस ने RBL बैंक में बतौर टास्क हेड कार्यरत रहे कुमार मयंक को गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है कि एक्सिस बैंक के अपने पर्सनल अकाउंट में जमा किया था। कुमार मयंक पर धारा 420, 468, 409, 407 के तहत गिरफ्तार किया था। कुमार मयंक RBL बैंक में नवंबर 2018 से मार्च 2023 तक टास्क हेड के पद पर कार्यरत रहे हैं। उन्हें सरकारी संस्थाओं के अकाउंट RBL बैंक में खुलवाने की जिम्मेदारी दी गई थी।

### यह है मामला

RGPV के अकाउंट से 19.48 करोड़ रुपए प्राइवेट अकाउंट में ट्रांसफर किए जाने के मामले में यूनिवर्सिटी के प्रभारी कुलपति प्रो. मोहन सेन ने गांधी नगर पुलिस थाना में FIR दर्ज कराई थी। इसमें यूनिवर्सिटी के तत्कालीन रजिस्ट्रार आरएस राजपूत, रिटायर फाइनेंस कंट्रोलर ऋषिकेष वर्मा, तत्कालीन कुलपति प्रो. सुनील कुमार, RBL बैंक के कर्मचारी कुमार मयंक और दलित संघ सोहागपुर पर गड़बड़ी का आरोप लगाया था।

## महामूर्ख दिवस पर हास्य व्यंग्य का अनूठा आयोजन आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। ओम हास्याय नमः द्वारा महामूर्ख दिवस की संध्या 1 अप्रैल को रात्रि 8 से 9 बजे तक हँसी ठहाकों की पिचकारी एवं हास्य व्यंग्य के मस्त गुब्बारों का बुक्का फाड़ आयोजन... एक घंटा (60 मिनिट).. घंटा घर के नीचे.. अनूठे आयोजन में उज्जैन लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलवाई जाएगी।

कार्यक्रम संयोजक स्वामी मुस्कुराके एवं हास्य सर्किट सुरेंद्र सर्किट ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन स्टेंड अप स्काटाईल में मात्र 60 मिनट होगा। मुख्य अतिथि कला जगत के नंदी सुदर्शन आयाचित होंगे। विकास रूपी तोंद (पेट) का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।

सह संयोजक दिनेश विजयवर्गीय ने बताया कि कार्यक्रम में हास्याचार्य दिनेश दिग्गज,कवि विजय गोपी,सतीश सागर,कुमार संभव,कवि विक्रम विवेक हास्य व्यंग्य की पिचकारी से उत्सव धर्मियों को सरोबार करेंगे।

# इंदौर में भाजपा-कांग्रेस के उम्मीदवार तय लेकिन नजर नहीं आ रहा चुनावी माहौल

**वोटरों से मिलने के लिए सवा महीने का समय, लेकिन अभी जनसंपर्क अभियान तय नहीं**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों को लेकर तस्वीर साफ हो चुकी है। भाजपा ने दोबारा शंकर लालवानी को टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस ने अक्षय बम को उम्मीदवार बनाया है ।२८ लाख मतदाता वोटिंग के जरिए उम्मीदवारों का भविष्य तय करेंगे,लेकिन उम्मीदवारों ने अभी चुनावी जनसंपर्क शुरू नहीं किया है। वे सिर्फ आयोजनों में जाकर वोटरों की नब्ज टटोल रहे है। शहर में भी चुनावी माहौल नजर नहीं आ रहा है और दोनो दलों के कार्यकर्ता भी अभी चुनावी मोड में नहीं आए है।

इंदौर में १३ मई को मतदान होना है। इंदौर लोकसभा में जिले की आठ विधानसभा सीटें आती है। उनके वोटरों से मिलने के लिए उम्मीदवारों के पास सवा महीने का समय है, लेकिन अभी जनसंपर्क अभियान तय नहीं हुआ है। संगठन स्तर पर भाजपा ने चार बैठकें की है, लेकिन उम्मीदवार तय होने के बाद कांग्रेस की एक भी बैठक नहीं हो पाई है।

### लालवानी आयोजनों में हो रहे शामिल

भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी ने अभी गली मोहल्लों में जाकर वोटरों से मिलने के बजाए आयोजनों में शामिल होकर उनसे मिलने की रणनीति बनाई है। वे शनिवार को रंगपंचमी की गेर में भी शामिल हुए। इसके अलावा शोक बैठक, भाग यात्रा व अन्य आयोजनों में भी वे शामिल हो रहे है।



### कार्यकर्तागणों से मिल रहे है बम

कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम वोटरों के बीच में नया चेहरा है। अभी वे कार्यकताओं से मिलने पर फोकस कर रहे है। हाल ही में वे दो नंबर विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। वे अस्पताल में भर्ती महाकाल मंदिर के पुजारियों से भी मिलने गए थे। इसके अलावा होली मिलन समारोह और फाग महोत्सवों में भी शामिल हो रहे है।

### इंदौर के इन मुद्दों पर नहीं दलों को ध्यान

1. इंदौर में अभी तक मेडिकल विश्व विद्यालय नहीं बन पाया,जबकि लंबे समय से इसकी मांग उठ रही है।
2. इंदौर को अंतर्राष्ट्रीय विमानतल का दर्जा मिल चुका है, लेकिन इक्का-दुक्का ही विदेशी उड़ानें संचालित होती है।
3. इंदौर मनमाड़ रेल परियोजना पर अभी तक काम शुरू नहीं हो सका है। अभी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी नहीं बन पाई।
4. इंदौर का मास्टर प्लान घोषित नहीं हुआ। पुराने मास्टर प्लान की मियाद तीन साल पहले खत्म हो गई।

## इस बार दीक्षा समारोह में विद्यार्थियों को मिलेंगे चार नए स्वर्ण पदक, कार्यपरिषद में मंजूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राष्ट्रपति की तरफ से तारीख तय नहीं होने और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का दीक्षा समारोह कुछ महीनों के लिए आगे बढ़ गया है। मगर इस बार समारोह में कुछ नए पदक शामिल होंगे। ये सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दिए जाएंगे। सभी अलग-अलग संकाय में पदक रखे गए हैं। इन्हें लेकर कार्यपरिषद की तरफ से मंजूरी मिल चुकी है। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक, मेरिट विद्यार्थियों की सूची बनाई जा रही है। शैक्षणिक विभाग ने सभी संकाय से सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम मांगवाए हैं।**

समारोह में प्रत्येक बैच के मेरिट छात्र-छात्राओं को ९४ स्वर्ण और २२ रजत पदक दिए जाते हैं, मगर इस साल होने वाले समारोह में चार नए पदक दिए जाएंगे। स्नातकोत्तर कार्बनिक रसायन में स्व. रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव की स्मृति में स्वर्ण पदक, एमबीए एचए में को स्व. सूरजकली द्विवेदी मेमोरियल एडवांस्ड होम्योपैथी स्वर्ण पदक, एमएससी केमेस्ट्री में स्व. सतीशकांत जैन स्मृति स्वर्ण पदक और स्व. दुर्गादेवी शर्मा स्मृति स्वर्ण पदक से विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, पदक के लिए विश्वविद्यालय में निर्धारित राशि जमा कर दी गई है। इस बार समारोह में १२० स्वर्ण पदक रहेंगे।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को आमंत्रित किया है, मगर राष्ट्रपति कार्यालय से अब तक तारीख नहीं मिली है। वैसे ताईवान विश्वविद्यालय से एमओयू कर लौटी कुलपति डा. रेणु जैन कुछ दिन दिल्ली में ठहरी थी। दोबारा फिर राष्ट्रपति कार्यालय से संपर्क किया और जून के बाद की तारीख के बारे में पूछा है। फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला है।

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर राष्ट्रपति पदक

विश्वविद्यालय की तरफ से द प्रेसीडेंट आफ इंडिया डा. शंकरदयाल शर्मा स्वर्ण पदक दिया जाता है। यह सम्मान विश्वविद्यालय के दायरे में आने वाले कालेजों के विद्यार्थी को देते हैं। इसके लिए अकादमी, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होना जरूरी है। साथ ही एनएसएस और एनएससी में हिस्सा लेने वालों को भी प्राथमिकता दी जाती है। कालेजों को अपने-अपने विद्यार्थियों के नाम भेजना होते हैं। उसके आधार पर आवेदनों की स्क्रूटनी होती है। विद्यार्थी को समारोह में पदक से सम्मानित किया जाता है।

## माता के जयकारें लगाते वैष्णों देवी रवाना हुए सैकड़ों श्रद्धालु

**धूमधाम से निकली शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। माता के जयकारों से पाटनीपुरा क्षेत्र उस समय गुंजायमान हो गया, जब माता के जयकारे लगाते हुए सैकड़ों श्रद्धालु वैष्णोदेवी के दर्शन के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा का जगह-जगह पर स्वागत भी किया गया।**

मां वैष्णोदवी शक्तिशाली भक्त मंडल के अध्यक्ष महेश वर्मा एवं संरक्षक कोमलसिंह नरवरिया ने बताया कि मंडल द्वारा वैष्णोदेवी यात्रा का यह तीसरा वर्ष है। इस वर्ष ढाई सौ से अधिक भक्त माता के दर्शन के लिए जा रहे हैं। वैष्णोदेवी के लिए रेलवे स्टेशन जाने के पूर्व पाटनीपुरा चौराहे बैंड बाजों, डीजे, ढोलक के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कथावाचक आचार्य स्वदेशजी महाराज और राहुलजी महाराज ने शोभायात्रा को रवाना किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, जिन्होंने यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं का स्वागत किया। वहीं रेलवे स्टेशन पर भी जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर स्वदेश महाराज और राहुलजी महाराज का आशीर्वाद लिया और श्रद्धालुओं का स्वागत कर रवाना किया।



## शराब अड्डे पर छापा मारने गई आबकारी महिला अफसर को तस्कर ने धमकाया

**पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने का केस दर्ज किया**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ड्राय डे पर अवैध शराब के अड्डे पर छापा मारने गई महिला अफसर से शराब तस्कर ने अभद्रता की। शासकीय कार्य में बाधा डाली और धमकाया। सदर बाजार थाना पुलिस ने तस्कर और सहयोगियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, रंगपंचमी पर एसआइ (आबकारी) मीरा सिंह ठाकुर इमली बाजार में शराब तस्कर राकेश नागर के अड्डे पर पहुंची थी। टीम ने शराब की पांच पेटियां पकड़ ली। राकेश व उसके परिवार के सदस्य महेंद्र नागर, राजेंद्र नागर और विक्की नागर ने टीम से विवाद किया। पानी फेंका और झूमाझटकी करने लगे। मौके पर मदद के लिए सदर बाजार थाना का बल बुलाना पड़ा। रात को सभी के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवाई गई।

## उषानगर महालक्ष्मी मंदिर प्रांगण में योग से रोग निवारण शिविर

**डॉ. हेमंत शर्मा ने योग से सिर से लेकर हड्डी रोग के लक्षण और निदान के आसन बताए**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के उषानगर स्थित महालक्ष्मी मंदिर प्रांगण में 31 मार्च से 28 अप्रैल तक योग से रोग निवारण ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया गया है। शिविर का उद्घाटन रविवार को अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। इसमें डॉ. हेमंत शर्मा ने सिर से लेकर हड्डी रोग के लक्षण और उसके निदान के आसन बताए। साथ ही खान-पान के बारे में जानकारी दी। बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया।**

श्री महालक्ष्मी मंदिर न्यास के अध्यक्ष राजकुमार राठौर ने बताया कि रविवार को सुबह 6 बजे से 7.30 बजे तक, 31 मार्च से 28 अप्रैल तक चलने वाले ह्योग से रोग निवारण ग्रीष्मकालीन शिविरह्न का उद्घाटन महालक्ष्मी मंदिर प्रांगण उषानगर में किया गया। रविवार की क्लास डॉ. हेमत शर्मा ने ली। इसके बाद अतिथियों ने महालक्ष्मी व स्व. डॉ. आर सी वर्मा की तस्वीर पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलित के साथ शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। महालक्ष्मी मंदिर न्यास की ओर से सभी अतिथियों का माला, श्रीफल और रूमाल से स्वागत किया। प्रथम दिन डॉ. शर्मा ने हड्डी रोग के लक्षण व उसके निदान के आसन बताए साथ ही खान-पान के बारे में बताया। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. सुबीर जैन थे।

## इंदौर से वाराणसी की पहली उड़ान में गए 60 से अधिक यात्री

**राजकोट की उड़ान बंद, 31 मार्च से 26 अक्टूबर तक समर शेड्यूल लागू**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देशभर में उड़ानों का नया समर शेड्यूल रविवार से लागू हो गया। इसमें इंदौर एयरपोर्ट से वाराणसी के लिए सीधी उड़ान शुरू हुई। 72 सीटर विमान में 60 से अधिक यात्री रवाना हुए। वहीं राजकोट की उड़ान का संचालन बंद हो गया। एक अप्रैल से दुबई और शारजाह की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का समय भी बदलेगा।**

डायरेक्टोरेट जनरल आफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) द्वारा 31 मार्च से 26 अक्टूबर तक समर शेड्यूल लागू किया गया है। इसमें इंदौर से वाराणसी की उड़ान शुरू हुई। यह उड़ान सुबह 8.25 बजे वाराणसी के लिए रवाना हुई। 72 सीटर विमान का संचालन किया जा रहा है। वापसी में यह उड़ान रात १०.१५ बजे इंदौर आएगी। इसके शुरू होने से काशी विश्वनाथ के दर्शन करने वालों को सुविधा मिलेगी।

### भस्म आरती में हो सकेंगे शामिल

वहीं उज्जैन महाकाल के दर्शन करने आने वालों को भी इसका फायदा होगा। श्रद्धालु रात्रि में इंदौर आकर सुबह होने वाली भस्म आरती में शामिल हो सकेंगे। इसके अतिरिक्त राजकोट की उड़ान का संचालन पूरी तरह से बंद हो गया। सात माह ही उड़ान का संचालन किया जा सका। लक्षद्वीप के लिए कनेक्टिंग उड़ान की सुविधा भी यात्रियों को मिली। हालांकि पहले दिन इसका फायदा अधिक लोग नहीं ले सके।

### जिले में आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाहियां

# 969 लीटर मदिरा, 3 हजार 732 किलोग्राम महुआ लहान जब्त

**4 महत्वपूर्ण प्रकरण सहित 3 दिनों में 76 प्रकरण दर्ज**

**3 वाहन भी जब्त, 1 आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिले में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मदिरा के अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन, भण्डारण आदि पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशन में सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। इंदौर में रंगपंचमी ड्राई-डे पर आबकारी अमले द्वारा बड़ी कार्यवाहियां की गई है। इसके तहत 969 लीटर मदिरा तथा 3 हजार 732 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया गया है। इस दौरान 04 महत्वपूर्ण प्रकरण सहित 03 दिनों में 76 प्रकरण दर्ज किये गये है। इनमें 03 वाहन भी जब्त किये गये तथा 01 आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

सहायक आबकारी आयुक्त इंदौर मनीष खरे ने बताया कि रंगपंचमी के अवसर पर 30 मार्च 2024 को ड्राई-डे घोषित होने से मदिरा के अवैध व्यापार की आशंका को देखते हुए कंट्रोल रूम प्रभारी आर.एच. पचौरी एवं जिला उड़नदस्ता प्रभारी प्रीति चौबे के नेतृत्व में आबकारी की टीमों को विशेष निगरानी रखी गई। आबकारी की टीमों द्वारा 29 और 30 मार्च को जिले में कुल 76 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। जिसमें 969 लीटर मदिरा और 3 हजार 237 किग्रा महुआ लहान जब्त किया गया। 2 दो पहिया तथा 1 चार पहिया वाहन भी मदिरा के अवैध परिवहन में जब्त किया गया । जब्त समस्त सामग्री की कीमत 9 लाख 7 हजार रुपये है। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।

उन्होंने बताया कि 29 मार्च को वृत काछी मोहल्ला के उपनिरीक्षक कमलेश सोलंकी द्वारा कार्यवाही करते हुए चार पहिया वाहन टाटा नैनो क्रमांक एमपी09-सीजी-6891 से 2 पेटी विदेशी मदिरा परिवहन करते हुए आरोपी अमर यादव को अभय प्रशाल के पास से पकड़ा गया। मदिरा और वाहन जब्त कर उसे गिरफ्तार करते हुए उसके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। वाहन व शराब का अनुमानित मूल्य एक लाख 30 हजार रुपये है।

इसी तरह 29 मार्च को ही वृत छावनी के उपनिरीक्षक मनमोहन शर्मा द्वारा कार्यवाही करते हुए दोपहिया वाहन हीरो एच एफ डिलक्स न एमपी09-क्यूवाय-3703 से 2 पेटी देशी मदिरा परिवहन करते हुए आरोपी दीपक पिता मनोहर सांवले को नवलखा बस स्टैंड से पकड़ा गया। मदिरा और वाहन जब्त कर उसे गिरफ्तार करते हुए उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम तहत प्रकरण पजीबद्ध किया गया। वाहन व शराब का अनुमानित मूल्य 75 हजार रुपये है।

इसी प्रकार 29 मार्च 2024 को ही वृत मालवामिल के उपनिरीक्षक महेश पटेल द्वारा कार्यवाही करते हुए दोपहिया वाहन टीवीएस जुपिटर क्रमांक एमपी09-एसडब्ल्यू-4280 से 2 पेटी देशी मदिरा बियर परिवहन करते हुए आरोपी दिनेश पिता बदिया को पंचम के फेल से पकड़ा गया। मदिरा और वाहन जब्त कर उसे गिरफ्तार करते हुए उसके विरुद्ध भी प्रकरण कायम किया गया। वाहन व शराब का अनुमानित मूल्य 47 हजार रुपये है।

जिले में 30 मार्च 2024 को ड्राइ-डे पर गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर आबकारी वृत्त बाल्दा कालोनी की उपनिरीक्षक मीरा सिंह ने दबिश देकर हिस्ट्रीशीटर आरोपी राकेश नागर पिता रमेश चंद्र नागर निवासी 54 सुभाष नगर थाना-सदर बाजार इंदौर के कब्जे से कुल 100.44 बल्क लीटर शराब जब्त की गई। तत्पश्चात आरोपी को गिरफ्तार कर मदिरा को कब्जे में लिया गया। शराब का अनुमानित बाजार मूल्य 44 हजार रुपये है। अवैध मदिरा का संग्रहण एवं कब्जा होने से मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई के दौरान आबकारी टीम से भिड़ने की कोशिश पर धारा 40 ए एवं जब्त मदिरा के नकली व जहरीली होने की आशंका पर आबकारी अधिनियम की धारा 49ए के तहत भी कायमी कर आरोपी राकेश नागर को न्यायालय द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

आबकारी विभाग द्वारा लगातार रात्रि गश्त, बारों पर सघन निगरानी, रोड चेकिंग कर अवैध मदिरा के विरुद्ध तथा नियमो का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

### शराब अड्डे पर छापा मारने गई आबकारी महिला अफसर को तस्कर ने धमकाया

**इंदौर।** ड्राय डे पर अवैध शराब के अड्डे पर छापा मारने गई महिला अफसर से शराब तस्कर ने अभद्रता की। शासकीय कार्य में बाधा डाली और धमकाया। सदर बाजार थाना पुलिस ने तस्कर और सहयोगियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, रंगपंचमी पर एसआइ (आबकारी) मीरा सिंह ठाकुर इमली बाजार में शराब तस्कर राकेश नागर के अड्डे पर पहुंची थी। टीम ने शराब की पांच पेटियां पकड़ ली। राकेश व उसके परिवार के सदस्य महेंद्र नागर, राजेंद्र नागर और विक्की नागर ने टीम से विवाद किया। पानी फेंका और झूमाझटकी करने लगे। मौके पर मदद के लिए सदर बाजार थाना का बल बुलाना पड़ा। रात को सभी के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवाई गई।



## महाकाल घटना में झुलसे मरीज डिस्चार्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महाकाल मंदिर में होली के दिन पूजा के दौरान आग लगने से हुई घटना में पुजारी संजय शर्मा सहित झुलसे १२ लोगों को इंदौर के अरबिंदो हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। तीन मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया गया। वहीं 9 मरीजों का अभी भी इलाज चल रहा है। इनमें से सात बर्न यूनिट में एडमिट हैं।**

यहां इलाज करा रहे सभी घायलों को एडमिट हुए तकरीबन एक हफ्ते का समय हो गया। इनमें से अधिकांश पुजारी और उनके परिवार के लोग हैं। सभी की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। घायलों में मनोज शर्मा को ऑक्सीजन पर रखा गया है। नजदीकी रिश्तेदार आशीष शर्मा ने बताया कि पुजारी संजय शर्मा उनके साले हैं। उनका हाथ, पैर और गला जला है। मांसपेशियों में दर्द है लेकिन हालत ठीक है। एक अन्य सत्यनारायण सोनी भी बर्न यूनिट में हैं। वे शुगर पेशेंट है इसलिए उनके इलाज पर खास ध्यान दिया जा रहा है।

30 मार्च को मरीज कमल को डिस्चार्ज कर दिया गया था। रविवार को सोनू राठौर और मंगल को डिस्चार्ज कर दिया गया। ये सभी 5-10 प्रतिशत जले थे। दो मरीज रमेश (60) और मास्टर अंश शर्मा (12) वार्ड में एडमिट हैं। इन्हें भी जल्द डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

## समाज सेवा प्रकोष्ठ का 119वाँ नि :शुल्क बाल व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित

### बच्चों ने पर्यावरण, रचनात्मक लेखन, चित्रकला और बा बापू के आदर्शों को जाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समाज सेवा प्रकोष्ठ द्वारा कस्तूरबा ग्राम,इंदौर में अपने 119वें निःशुल्क बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया।शिविर में कस्तूरबा शिक्षण संस्थानों एवं समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के डेढ़ सौ से अधिक बालक बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक न्यास, इंदौर के अध्यक्ष डा .करुणाकरण त्रिवेदी थे।**

इस एक दिवसीय शिविर में ख्यात गांधीवादी चिंतक, पर्यावरणविद चिन्मय मिश्र ने जलवायु परिवर्तन के संकटों के संदर्भ में जल संरक्षण के महत्व को समझाया । चित्रकार सुश्री स्वाति द्रविड़ ने चित्रकला, योगाचार्य बाला चैतन्य ने योगासन और हास्यासन, श्याम पाण्डेय ने जीवन में अनुशासित दिनचर्या तथा साहित्यकार ब्रजेश कानूनगो ने रचनात्मक लेखन पर मार्ग दर्शन दिया।

प्रारंभ में विद्यालय की प्राचार्य उमा बेन सोलंकी , समाज सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आलोक खरे ने माता कस्तूरबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कस्तूरबा ग्राम की वरिष्ठ समाज सेवी पद्मा ताई के निर्देशन में सहभागियों द्वारा प्रार्थनाओं का सुमधुर गायन किया गया। डॉक्टर राधेश्याम टेलर ने कस्तूरबा गाँधी पर केंद्रित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया। शिविरार्थियों के लिए बाल गोष्ठी का संचालन साहित्यकार सुरेश रायकवार ने किया जिसमे अनेक बच्चों ने गीत, कविताएं, कहानियां सुनाईं। पर्यावरण, प्रकृति पर केंद्रित एक चित्रकला प्रतियोगिता भी संपन्न हुई।अतिथियों द्वारा समाज सेवा प्रकोष्ठ की ओर से प्रतिभावान छात्रों एवं प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर अशोक कापड़निस, बी आर जाटव, प्रदीप तिवारी, माया ढोने, श्री द्रविड़ सहित समाज सेवा प्रकोष्ठ के सदस्य एवं कस्तूरबा ग्राम संस्थान के शिक्षकगण उपस्थित थे। सत्र संचालन ब्रजेश कानूनगो ने तथा आभार प्रदर्शन श्याम पांडेय ने किया।

## प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

**प्रचार का खर्च निर्वाचन व्यय में जोडा जाएगा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान अखबार और टीवी चैनलों में विज्ञापनों और पेड न्यूज की मॉनिटरिंग करने के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के दिशा - निर्देशों के अनुसार सोशल मीडिया पर भी पूरी नजर रखी जायेगी। प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया पर प्रचार का खर्च भी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जोड़ा जाएगा। अभी तक चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के द्वारा अखबार में प्रकाशित कराए जाने वाले समाचार, विज्ञापन और अलग-अलग चैनल पर दिखाए जाने वाले विजुअल पर ही नजर रखी जाती थी। बदलते समय के साथ अब इस बार के लोकसभा निर्वाचन में सोशल मीडिया की पोस्ट को भी प्रचार का हिस्सा माना जाएगा। चुनाव के खर्चे में सोशल मीडिया का खर्च भी जोड़ा जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार के निर्वाचन में चुनाव खर्च की प्रक्रिया में सोशल मीडिया को भी शामिल कर दिया गया है।

इसी तरह भ्रामक और गलत सूचनाएं और फेक न्यूज फैलाने वालों पर भी पूरी नजर रखी जायेगी और उन पर कार्यवाही भी की जायेगी। ऐसा कार्य करने वाले व्यक्ति का पता लगाकर कानूनी धाराओं के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# प्रसाद नहीं खरीदने पर मुबंई से आए परिवार को पीटा

## मारपीट करने वालों की अवैध दुकानें जेसीबी चलाकर गिराई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। महाकाल नगरी के काल भैरव मंदिर के बाहर सुप्रीम कोर्ट के वकील और उनके परिवार के साथ मारपीट की गई। प्रसाद नहीं खरीदने पर दुकानदार और उसके साथी मुंबई के इस परिवार पर टूट पड़े। वकील का सिर फोड़ दिया। परिवार की महिला को बाल पकड़कर खींचा। बच्चियों से भी छेड़खानी की। हमले में घायल तीन लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रविवार सुबह की है। मारपीट की इस घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए काल भैरव मंदिर के बाहर दोपहर तक 25 से ज्यादा फूल-प्रसादी




की अवैध दुकानें जेसीबी चलाकर गिरा दीं। कुल 40 दुकानें यहां से हटाई जाएंगी। सुप्रीम कोर्ट के वकील अमरदीप भट्टाचार्य मुंबई के बोरीवली वेस्ट के रहने वाले हैं। उनकी और उनके भाई हाईकोर्ट के वकील ऋषिकेश भट्टाचार्य की फैमिली रविवार सुबह महाकाल मंदिर में भस्म आरती में शामिल हुई। इसके बाद सभी 8 लोग मैजिक गाड़ी हायर कर काल भैरव मंदिर पहुंचे थे। परिवार की सेजल भट्‌टाचार्य ने बताया, 'हमने उन लोगों से कहा कि हम दर्शन कर चुके हैं, इसलिए प्रसाद नहीं लेना है। दुकानदार राजा भाटी ने 200 रुपए की मांग की। बोला कि यहां गाड़ी लगाई है तो प्रसाद भी लो, तभी आगे जाने देंगे। उसने जबरदस्ती हमारी गाड़ी के अंदर प्रसाद फेंक दिया। 60 से 70 लोगों ने हमारी गाड़ी घेर ली। गाड़ी के ड्राइवर कमल कुमार को धमकाया। भाभी को बाल से खींचकर बाहर निकाला। उनके कपड़े फट गए। बच्चियों को गलत तरीके से टच किया।' आरोपी परिवार को अस्पताल नहीं जाने दे रहे थे। किसी तरह मैजिक ड्राइवर कमल कुमार उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। आरोपी भी पीछे से जिला अस्पताल पहुंच गए और पुलिस की मौजूदगी में ही परिवार को धमकाया। उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा का कहना है कि घटना में राजा भाटी को हिरासत में ले लिया गया है। उसे भी चोट लगी है।

## 'मुझे खींच कर ले जा रहे थे', दास्तां सुना बोली बहन - भाई ने रोका तो बदमाशों ने गोली मार दी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना**। गुना जिले में बहन से छेड़खानी का विरोध करने पर भाई की गोली मार कर हत्या कर दी गई। जिले के धरनावदा इलाके में पारदी समुदाय के एक युवक को गोली मारी गई है। गोली मारने के बाद युवक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, बीलाखेड़ी के रहने वाले धर्मपाल पारदी (25) रविवार दोपहर अपने खेत में प्लाऊ चलवा रहे थे। उनकी बड़ी बहन भी साथ में यही थीं। बड़ी बहन के पति की मौत हो चुकी है। तभी दोपहर 12 बजे उनकी विधवा बहन को गांव के ही कुछ लोग छेड़ रहे थे। ये बदमाश उसे पकड़कर खींच कर ले जा रहे थे। युवक ने जब इसका विरोध किया यो एक व्यक्ति ने उस पर गोली चला दी।

बताया जा रहा है कि परिवार वाले उसे लेकर अस्पताल लाने लगे, तो गोली मारने वालों में उनसे भी मारपीट की। किसी तरह वो लोग उसे लेकर जिला अस्पताल आए। यहां से डॉक्टरों ने उसे दूसरी जगह रेफर कर दिया। परिवार वाले उसे निजी अस्पताल भी ले गए, लेकिन वहां से भी बाहर ले जाने के लिए बोल दिया गया। परिवार वाले उसे एम्बुलेंस से लेकर भोपाल जा रहे थे, लेकिन रास्ते मे ही उसने दम तोड़ दिया।

### पीड़िता ने सुनाई भयानक दास्तां

पीड़िता ने कहा, '4-5 लोग थे। मुझे खींचकर कर ले जा रहे थे। मेरे भाई ने इसका विरोध किया। काफी देर तक विरोध करने के बाद आखिरकार आरोपियों ने मेरे भाई को गोली मार दी। जिससे मेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल भाई को लेकर हम इलाज के लिए भोपाल ले जा रहे थे जहां उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजनों के साथ भी मारपीट की गई है। मृतक धर्मपाल के परिवार के लोगों का आरोप है की आरोपियों ने पहले तो धर्मपाल को गोली मारी और जब हम उसे अस्पताल लेकर जा रहे थे उन्होंने हम लोगों के साथ भी मारपीट कर दी। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में धारा 302 के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। और मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## कांग्रेस को फिर झटका, कमलनाथ के करीबी और छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके भाजपा में शामिल हुए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटके पर झटके लग रहे है। सोमवार को छिंदवाड़ा नगर निगम महापौर विक्रम अहाके ने भाजपा की सदस्यता ले ली। उनको मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने सदस्यता दिलाई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा में नकुलनाथ के अमरवाड़ा से पूर्व विधायक कमलेश शाह को लेकर दिए बयान से आहत होकर विक्रम अहाके ने भाजपा की सदस्यता ली। दरअसल नकुलनाथ ने कमलेश शाह के भाजपा में शामिल होने पर उनको गद्दार कहा था। शाह आदिवासी वर्ग के बड़े नेता है। विक्रम अहाके भी आदिवासी वर्ग से आते है। विक्रम अहाके के साथ छिंदवाड़ा नगर निगम जल विभाग सभापति प्रमोद शर्मा, अनुसूचित जाति विभाग जिला अध्यक्ष सिद्धांत थनेसर, पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आशीष साहू, पूर्व



एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष धीरज राऊत, पूर्व एनएसयूआई जिला कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य उपाध्याय, पूर्व एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सुमित दुबे भी भाजपा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा में कमलनाथ जी ने बहुत गड़बड़ की है। नकुलनाथ जी ने आदिवासी अंचल का अपमान किया था। उन्होंने विधायक कमलेश शाह को बेईमान और गद्दार कहकर आदिवासी वर्ग का अपमान किया। इसी बात से आहत होकर विक्रम अहाके ने कहा कि मुझे उस पार्टी में नहीं रहना, जहां आदिवासी वर्ग का अपमान होता है। उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। सीएम ने कहा कि छिंदवाड़ा के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। विक्रम अहाके ने कहा कि देश और प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। छिंदवाड़ा में खिलेगा कमल का फूल खिलेगा। छिंदवाड़ा जिले में भाजपा लगातार पूर्व सीएम कमलनाथ को झटके पर झटका दे रही है। कुछ दिन पहले छिंदवाड़ा नगर निगम में कांग्रेस के 7 पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ली। इसके पहले पाढुर्ना नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घोटोड़े, 16 सरपंच समेत कई नेताओं भगवा पार्टी में शामिल हुए। वहीं, कमलनाथ के करीबी सैयद जाफर और पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना के पुत्र अजय सक्सेना एवं पूर्व मंत्री तेजीलाल सरयाम की बहु सुहागवती सरयाम भी भाजपा छोड़ चुके हैं। अमरवाड़ा से विधायक कमलेश शाह।

## भोपाल में कांग्रेस ने 'एक वोट, एक नोट'अभियान शुरू

### पटवारी बोले- जनता भाजपा को सबक सीखाएगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। इनकम टैक्स ने कांग्रेस के खातों को फ्रीज कर कांग्रेस को करोड़ो रुपए की वसूली का नोटिस जारी किया है। इसके विरोध में रविवार को कांग्रेस ने अनूठा प्रदर्शन कर जनता से चंदा मांगने का अभियान शुरू किया है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी कांग्रेसियों के साथ रोशनपुरा चौराहे पहुंचे और लोगों से एक वोट, एक नोट देने की अपील की। उनके साथ भोपाल से लोकसभा प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने भी दुकान मालिकों से चंदा मांगा। कांग्रेस को दुकानदारों ने 10 रुपए से लेकर 500 रुपए तक चंदा दिया।




इस अवसर पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के खाते बीच चुनाव में सीज करने और इंडिया गठबंधन के नेताओं और मुख्यमंत्रियों को जेल भेजने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने एक वोट, एक नोट का अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरे प्रदेश में चलेगा। देश में तानाशाही सरकार चल रही है। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस इनसे डरने वाली नहीं है। हम मौजूदा सरकार की ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स को आगे कर निर्दोष लोगों को डराने की नीति को जनता के बीच लेकर जाएंगे। पटवारी ने कहा कि भाजपा को जनता सबक सीखाएगी। बता दें कांग्रेस चुनाव में अपने अभियान में कांग्रेस के खाते फ्रीज होने और इनकम टैक्स विभाग की तरफ से भेजे गए 1823 करोड़ रुपए के नोटिस को जनता के बीच लेकर जाएगी और मुद्दा बनाएगी।

### भोपाल भाजपा का गढ़ है

भोपाल संसदीय सीट भाजपा का गढ़ है। इस सीट पर विधानसभा की आठ सीटें आती है, जिनमें से 6 भाजपा और दो कांग्रेस के पास है। भोपाल संसदीय सीट पर 1989 से लगातार भाजपा चुनाव जीतते आ रही है। इस बार भाजपा ने सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर का टिकट काट कर पूर्व महापौर आलोक शर्मा को प्रत्याशी बनाया है। उनके सामने कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव है।

Uttarpradesh

# धर्म परिवर्तन, 50 हजार रुपये महीना, नौकरी का लालच... कानपुर में परिवर्तन पर बवाल, देर रात जमकर हंगामा

**कानपुर, (एजेंसी)** यूपी के कानपुर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां कथित तौर पर दो बसों में लोगों को भरकर धर्म परिवर्तन के लिए ले जाया जा रहा था. तभी बजरंग दल कार्यकर्ताओं की सूचना पर पर पुलिस ने दोनों बसों को रुकवा लिया जिसमें 50 के करीब पुरुष और महिलाएं सवार थीं. पुलिस के सामने बस में बैठे संजय वाल्मीकि नाम के शख्स ने दावा किया कि उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए दीपक और विलियम नाम के दो पादरी उन्नाव ले जा रहे थे. फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पूरा मामला थाना नवाबगंज अंतर्गत चौकी गंगा बैराज के पास का है. जहां बजरंग दल ने पुलिस की मदद से



उन्नाव की तरफ जा रही दो बसें रोकी. आरोप है कि दोनों बसों में पुरुषों और महिलाओं को भरकर धर्म परिवर्तन के लिए ले जाया जा रहा था. जिसकी सूचना मिलते ही भारी

पुलिस बल मौके पर पहुंचा. पुलिस ने धर्मांतरण कराने वाले गैंग के सदस्यों को पकड़ कर उनके खिलाफ केस दर्ज किया है. दरअसल, शनिवार रात ( 2 बजे) को कानपुर की नवाबगंज पुलिस और बजरंग दल के लोगों ने गंगा बैराज पर दो बसों को रोका. इनमें 50 के करीब लोग सवार थे. बताया गया कि इन लोगों को दीपक और विलियम नाम के दो पादरी धर्म परिवर्तन के लिए उन्नाव ले जा रहे थे. एसीपी महेश कुमार का कहना है कि बस में बैठे हुए व्यक्ति संजय वाल्मीकि ने आरोप लगाया है कि यह लोग हम लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए उन्नाव ले जा रहे थे, जहां हमें ईसाई बनाया जाता और हमको हर महीने 50 हजार रुपये दिए जाते.

Maharashtra

## तस्करी के लिए निगल लिए 11 करोड़ के 74 कोकीन कैप्सूल

**DRI ने अफ्रीकी नागरिक को किया अरेस्ट**



**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है जहां राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने एक ऐसे शख्स को अरेस्ट किया है जिसके पेट से 11 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद हुई है. आरोपी पश्चिम अफ्रीकी देश सिएरा लियोन का रहने वाला है जो अपने पेट में कोकीन के 74 कैप्सूल (1108 ग्राम) में छिपाकर इनकी तस्करी करने में जुटा था. इस कोकीन की कीमत 11 करोड़ रुपये बताई जा रही है.

विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, डीआरआई मुंबई के अधिकारियों ने 28 मार्च को सीएसएमआई हवाई अड्डे, मुंबई पर ड्रग्स ले जाने के संदेह में सिएरा लियोन के एक नागरिक को रोका. तस्कर ने पकड़े जाने के डर से कोकीन के 74 कैप्सूलों को निगल लिया था.पूछताछ करने पर, यात्री ने भारत में तस्करी के लिए ड्रग्स युक्त कैप्सूल निगलने और उसे अपने शरीर में ले जाने की बात स्वीकार की. आरोपी को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया और अदालत के आदेश के अनुसार, उसे मुंबई के जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया. यहां ऑपरेशन के जरिए पेट से 74 कैप्सूल निकाले गए.

उसकी बॉडी में कुल 1108 ग्राम के 74 कैप्सूल मिले जिनमें कोकीन भरी हुई थी.इसकी कीमत लगभग 11 करोड़ रुपये बताई जा रही है. 30 मार्च को को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत यह कोकीन जब्त कर ली गई.

Jharkhand

## इंटरनेशनल खिलाड़ी संग प्यार वाला खिलवाड़, लूटती रही हसीना; फिर दूसरे आशिक संग कर डाली हत्या

**हजारीबाग, (एजेंसी)** झारखंड एक हजारीबाग में अंतरराष्ट्रीय पारा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशांत कुमार सिन्हा की हत्या कर दी गई। आरोप है कि प्रशांत की प्रेमिका और उसके आशिक ने उधार के 20 लाख रुपये वापस मांगने पर वारदात को अंजाम दिया। वह प्यार का झांसा देकर प्रशांत का इस्तेमाल करती रही। वह उससे पैसे ऐंठती थी और उसी के पैसों से उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर एक होटल भी खोल लिया था। प्रशांत उसके प्यार के झांसे में फंसा रहा और लोगों से पैसे उधार लेकर उसे देता रहा। हत्यारोपी प्रेमिका काजल सुमन और उसके आशिक रौनक कुमार को पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया।

मीडिया से बातचीत में रविवार को पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि काजल ने ही रौनक के साथ मिलकर प्रशांत की हत्या की और फिर शव को बोरे में भरकर हजारीबाग के छड़वा डैम से नीचे फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी रौनक के पास से प्रशांत की कलाई घड़ी और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। एसएसपी कौशल किशोर ने बताया कि 2019 में फेसबुक से काजल से प्रशांत की दोस्ती हुई।

New Delhi

## चक्रवाती तूफान की मार, बंगाल से असम तक हाहाकार, अब इन राज्यों में भारी बारिश के आसार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों के लिए देश के पूर्वोत्तर और उत्तरी राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में ओलावृष्टि की संभावना है। वहीं, पूर्वोत्तर हिस्सों में चक्रवाती तूफान के कारण येलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां मौसम की मार रविवार को तब पड़ी जब चक्रवाती तूफान के कारण पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में चार लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। मौसम की गंभीर स्थिति का असर असम पर भी पड़ा है। यहां भारी बारिश के कारण गुवाहाटी के गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की छत का एक हिस्सा ढह गया।

मौसम विज्ञान विभाग ने अपने बुलेटिन में जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और



पूर्वी मध्य प्रदेश में ओलावृष्टि की संभावना है। पूर्वी एमपी, महाराष्ट्र में भी ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक बारिश हो सकती है। यहां कुछ स्थानों पर बहुत बारिश की संभावना है।

खेल

# चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर दिल्ली ने खोला जीत का खाता, एमएस धोनी ने खेली तूफानी पारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को रविवार को राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 20 रन से हरा दिया है। इसके साथ ही दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार दो हार के बाद जीत का खाता खोला है। आईपीएल 2024 के 13वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डेविड वॉर्नर और ऋषभ पंत के अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 191 रन बनाए। इसके जवाब में चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 171 रन बनाए। चेन्नई के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने 16 गेंद में नाबाद 37 रन की धमाकेदार पारी खेली। दिल्ली की ओर से मुकेश कुमार ने तीन और खलील ने दो विकेट लिए।**

192 रनों के लक्ष्य का पीछा



करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की टीम की शुरुआत खराब रही। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ सस्ते में पवेलियन लौट गए हैं। रचिन रविंद्र के बल्ले से रन नहीं निकले। उन्होंने 12 गेंद में दो रन बनाए। डेरिल मिचेल ने 26 गेंद में 34 रन बनाए। अजिंक्य रहाणे 30 गेंद में 45 रन बनाकर आउट हुए। समीर रिजवी खाता भी नहीं खोल सके। मुकेश ने लगातार गेंदों पर दोनों बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। शिवम दुबे ने 17 गेंद में 18 रन बनाए। इसके बाद जडेजा और धोनी ने तूफानी पारी खेली। धोनी ने 16 गेंद में 37 रन की पारी खेली और नाबाद लौटे। जडेजा ने 17 गेंद में 21 रन बनाए। मैच के अंतिम ओवर में धोनी ने दो चौके और दो छक्के लगाए। इस ओवर में धोनी ने 20 रन बटोरे।

इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 191 रन बनाए। दिल्ली के लिए सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। कप्तान ऋषभ पंत ने 51 रन का योगदान दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम को डेविड वॉर्नर और पृथ्वी शॉ ने शानदार शुरुआत दिलाई। डेविड वॉर्नर 35 गेंद में 52 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। पथिराना ने उनका शानदार कैच लपका है। पृथ्वी शॉ 27 गेंद में 43 रन बनाकर आउट हुए। मार्श 18 और स्टब्स बिना खाता खोले आउट हुए। ऋषभ पंत 32 गेंद में 51 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अक्षर पटेल सात और अभिषेक 9 रन बनाकर नाबाद लौटे। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से पथिराना ने दो विकेट चटकाए।

सिनेमा

## नहीं रहे तमिल सिनेमा के फेमस एक्टर डेनियल बालाजी, 48 साल की उम्र में हार्ट अटैक से निधन



साउथ इंडस्ट्री से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है. तमिल सिनेमा के जाने-माने अभिनेता डेनियल बालाजी का निधन हो गया है. शुक्रवार को अभिनेता का हार्ट से निधन हो गया. वो 48 साल के थे. सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था. कम उम्र में एक्टर की मौत इंडस्ट्री के लिए बड़ा झटका है.

बीते दिन उन्हें चेस्ट पेन की वजह से चेन्नई के अस्पताल में भर्ती कराया गया था. उम्मीद थी कि उनकी जान बचा ली जाएगी, पर उन्हें इससे नहीं बचाया जा सका. एक्टर के निधन से फैन्स और इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है.

यकीन करना मुश्किल है कि हंसते-मुस्कुराते डेनियल बालाजी अब हमारे बीच नहीं रहे. उनकी मौत की खबर ने तमाम चाहने वालों की आंखें नम कर दी हैं. घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल हो चुका है. डेनियल का अंतिम संस्कार आज उनके पुरसाईवलकम स्थित आवास पर किया जाएगा.

# संपादकीय

## बर्बरता और त्रासद हालात

इजरायल और हमास के बीच जारी जंग का हासिल क्या रहा है, यह दुनिया देख और समझ रही है। खासतौर पर इस युद्ध में जिस तरह बच्चों को भी हमले का शिकार बनाया गया, हजारों बच्चे मारे जा चुके हैं और रोजाना सैकड़ों युद्ध की चपेट में आ रहे हैं, वह युद्ध के बर्बर चेहरे को ही दर्शाता है। हमले का निशाना बन कर जान गंवाने वाले बच्चों के अलावा ऐसे तमाम मासूम हैं, जिन पर जंग के त्रासद हालात और हमले के तौर-तरीकों का भयावह मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ रहा है। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय चिकित्सकों की एक टीम हाल ही में जब गाजा पहुंची तो वहां युद्ध का व्यापक असर बच्चों पर देख कर स्तब्ध रह गई। ऐसे तमाम बच्चे थे, जो हमले में बुरी तरह घायल हो गए या जिनकी जान चली गई। ऐसे बच्चों की तकलीफ का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता जो खुद घायल हो गए और युद्ध में मारे गए अपने माता-पिता को रोते-तड़पते हुए खोज रहे हैं या जिनकी मानसिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। सवाल है कि हमास के हमले के बहाने इजराइल ने जवाब के तौर पर जिस जंग की शुरुआत की थी, उसका मकसद क्या था? उसके हमले में जितने हमास के आतंकी मारे गए, उनके मुकाबले कितने आम नागरिकों की जान जा चुकी है? एक आंकड़े के मुताबिक इजराइल के हमले में अब तक बारह हजार से ज्यादा बच्चों की जान जा चुकी है। अपने कथित जवाबी हमले के दौरान इजराइल ने बुनियादी मानवीय नैतिकता की तो दूर, युद्ध से संबंधित अंतरराष्ट्रीय कानूनों तक का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा। यहां तक कि युद्ध से बचने के लिए लोगों के पनाह लेने वाली जगहों और अस्पतालों तक पर बमबारी की गई। अब इस युद्ध के शिकार बच्चों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जैसी खबरें आ रही हैं, वे बताती हैं कि हमास को पर्दा बना कर इजराइल ने जो रुख अख्तियार किया हुआ है, उसके शिकार निर्दोष लोग और मासूम हो रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि सबसे शुरुआती दौर में हमास के हमले ने समूची दुनिया में उसके खिलाफ आक्रोश पैदा किया। मगर उसके बाद से इजराइल का जो रुख बना हुआ है, उसका बचाव करना खुद उसके मित्र देशों तक के लिए मुश्किल हो गया है!

### अर्ज किया है..!

*शदीद प्यास थी फिर भी*
*छुआ न पानी को*
*मैं देखता रहा*
*दरिया तिरी रवानी को*

*- शहरयार*



**जब दर्द, क्रोध या दुःख होता है, तो यह अपने भीतर देखने का समय है, आपके आसपास नहीं।**

**-सद्‌गुरु जग्गी वासुदेव**

### सैर सपाटा

# गर्मी की छुट्टियां करनी हैं एंजॉय तो घूमने का बनाएं प्लान, ये डेस्टिनेशन्स हैं बेस्ट



गर्मियों की छुट्टियां आने वाली हैं। ऐसे में ज्यादातर लोग घूमने-फिरने की प्लानिंग करने लगते हैं। इस दौरान ज्यादातर लोग परिवार के साथ ट्रिप प्लान करते हैं। अगर आप भी कहीं घूमने की तैयारी कर रहे हैं तो आपको भारत की कुछ खूबसूरत और बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर करना चाहिए। अगर आप ये जानना चाहते हैं कि भारत में गर्मियों में कहां घूमने जाएं, तो चलिए हम आपके बताते हैं गर्मियों की छुट्टियों में घूमने की अच्छी जगह।

## गर्मियों में घूमने के लिए बेस्ट जगह

मई-जून के महीने में तेज धूप हर किसी को परेशान करती है। इस दौरान ज्यादातर लोग ठंडी जगहों पर जाना पसंद करते हैं। घूमने-फिरने की अपनी लिस्ट में आप मनाली, शिमला, नैनीताल, औली, लद्दाख, कश्मीर, दार्जलिंग, गंगटोक, ऊटी, गुलमर्ग, मसूरी जैसी जगहों को शामिल कर सकते हैं।

### दिल्ली रहने वाले इन जगहों पर जाना पसंद करते हैं

अगर कोई दिल्ली रहता है, और मई जून में घूमने जाना चाहते हैं तो नीमराना फोर्ट, अलवर, भानगढ़, मुरथल, दमदमा झील, आगरा, मथुरा, वृन्दावन जैसी जगहों पर जाते हैं। ये जगह दिल्ली के आसपास हैं। आगरा-मथुरा जाने वाले लोग तो एक दिन में घूम कर वापिस लौट सकते हैं। आप औली, डलहौजी, खजियार, जैसी जगहों पर भी परिवार के साथ जा सकते हैं।

### इन जगहों पर जाना पसंद करते हैं लोग

गर्मियों की छुट्टियों के दौरान लोग गोवा, ऋषिकेश, एलेप्पी, जयपुर, उदयपुर, दार्जिलिंग, पांडिचेरी, कसोल, पुष्कर, नैनीताल, जैसलमेर, ऊटी, मैक्लोडगंज, गोकर्ण, लोनावाला, कोडाइकनाल, आगरा, जयपुर, जैसी जगहों को एक्सप्लोर करने जाते हैं।

## Highlights

1. **26/11 hero IPS officer Sadanand Vasant Date takes over as NIA chief**
2. **Disease surveillance to get a boost in Kerala**
3. **BJP resolves dissent in all but Shimoga, Raichur in Karnataka**
4. **Here's a list of stock market holidays in April 2024**
5. **'I attach no importance to it,' said Jawahar Lal Nehru on island ceded to Sri Lanka: Report**
6. **Odisha Day: President Droupadi Murmu extends warm greetings**

# HDFC Bank asks customers to avoid this money transfer facility on April 1: Details here

**NEW DEIHI, (Agency).** HDFC Bank informed its customers that National Electronic Funds Transfer (NEFT) transactions will not be available on April 1 owing to procedures regarding financial year-ending. Even if it is available for select HDFC Bank customers, there might be delays, the bank said advising those who are planning to transfer money to avoid NEFT. Additionally, in case you have to receive salary or other payments through NEFT transfer on April 1, it may also get delayed.

What can HDFC Bank customers use instead?

HDFC Bank customers can use these transaction methods to transfer money on April 1: Immediate Payment Service (IMPS), Real Time Gross Settlement (RTGS), and Unified Payments Interface (UPI.

What HDFC Bank said on the delay?

In a mail to customers, HDFC Bank wrote, "Please note, outward NEFT transactions may get delayed/ may not be available on 1st April 2024




due to financial year-end procedures. We request you to please complete your transaction using IMPS, RTGS, or UPI during this period. We regret any inconvenience this may cause."

It added, "If you require any assistance regarding transferring money tomorrow, you can contact the customer support team of the bank on 18001600 /1800 2600."

Are banks open on April 1?

Banks in many states will be shut on April 1 due to the closing of year accounts, as per guidelines set by the Reserve Bank of India (RBI). Banks will remain closed in states except Mizoram, Chandigarh, Sikkim, Bengal, Himachal Pradesh, and Meghalaya.

Additionally, RBI said that the exchange and deposit of the ₹2,000 notes will not be available April 1. The central bank said in a notification, "The facility of exchange/deposit of ₹2000 banknotes will not be available on Monday, April 01, 2024, at the 19 Issue Offices1 of the Reserve Bank of India due to operations associated with the Annual Closing of Accounts. The facility will resume on Tuesday, April 02, 2024."

# New ₹500 crore scheme to promote electric mobility kicks in from April 1: All you need to know

**NEW DEIHI, (Agency).** The new ₹500 crore scheme to promote electric mobility in India will come into force from today (April 1). The scheme will continue till the end of July as the second phase of FAME- Faster Adoption and Manufacturing of Electric Vehicles in India (FAME-II) programme- ends on March 31 which means that subsidies under the scheme will be eligible for e-vehicles sold till March 31.

What is the new Electric Mobility scheme?

The ₹500 crore Electric Mobility Promotion Scheme 2024 (EMPS 2024)




scheme has been introduced by the Ministry of Heavy Industries. The aim of the scheme is to propel adoption of electric vehicles (EVs) in the country.

What does EMPS 2024 scheme offer?

Under EMPS 2024, customers will be provided with a support of up to ₹10,000 per two-wheeler with the aim is to provide support for about 3.33 lakh two-wheelers.

For the purchase of small three-wheelers (e-rickshaw and e-carts), s support of up to ₹25,000 will be given and over 41,000 such vehicles will be provided incentives under the scheme.

The financial support will be up to ₹50,000 in case of a large three-wheeler, as per the scheme.

# बर्थडे पार्टी से लौट रहे दो युवकों पर हमला

**इंदौर। बाणगंगा इलाके में देर रात दो युवकों पर हमला हो गया। उन्हें रात 12 बजे परिजन घायल हालत में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। दोनों युवक के सिर में चोट थी। युवकों ने बताया कि सडक़ पर पहले से खड़े कुछ नशेडियों ने लूट के इरादे से उन पर हमला कर दिया। नशेडिय़ों ने यहां और लोगो को भी पीटा। हालाकि पुलिस ने इस मामले में सोमवार दोपहर युवकों को एफआईआर के लिए थाने बुलाया है।**

मामला बाणगंगा के सुदंर नगर भट्टे का है। कुंदन नगर में रहने वाला सुजल वर्मा और उसका दोस्त आयुष मेहरा दोनों रामनगर एक दोस्त के बर्थडे पार्टी में शामिल होने पहुंचे थे। यहां से पैदल रात में अपने घर जा रहे थे। तभी उन्हें सात से आठ लडक़ों ने रोका। उनसे रूपए और मोबाइल मांगने। दोनों के इंकार करने पर आरोपियों ने लात घूंसे, बेल्ट व पत्थर से उनके साथ मारपीट की।

जैसे तैसे दोनों युवक यहां से अपनी जान बचाकर भागे। युवकों ने बताया कि बदमाश उसी इलाके के रहने वाले है। वह अन्य लोगों को भी रास्ते में रोककर इसी तरह से मारपीट कर रहे थे। उन्होंने रात में पुलिस को घटना की जानकारी भी दी। लेकिन पुलिस के पहुंचने तक वहां कोई नही मिला। सुजल ओर आयुष को पहले अरबिदों भेजा गया। यहां पुलिस केस की बात करते हुए उपचार नही कर उन्हें एमवाय भेजा गया। रात 2 बजे के लगभग दोनों मेडिकल कराने के बाद थाने आए। यहां पुलिस ने सोमवार दोपहर में आकर केस दर्ज कराने की बात की। फिलहाल मामले में एफआईआर नही हुई है।

## इलेक्ट्रानिक दुकान से रुपए ले गए चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एअरपोर्ट रोड़ पर एक इलेक्ट्रानिक की शॉप में चोरी हो गई। रात में बदमाशों ने यहां शटर उचकाकर ड्राज में रखे रूपये चुराकर ले गए। पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी फुटेज के बाद दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

पुलिस के मुताबिक घटना बागड़दा रोड़ के हरिओम इलेक्ट्रानिक की है। यहां ओमप्रकाश जाट दुकान का संचालन करते है। यहां रात में डेढ़ से दो बजे के लगभग दो लडक़े यहां शटर तोडक़र घुसे। जिसमें शोकेज के यहां से ड्राज में रखे करीब 60 हजार रूपये चुराकर ले गए।

दुकानदार ओमप्रकाश जाट ने बताया कि उनके यहां पहले भी चोरी हो चुकी है। जिसमें बदमाश मोबाइल चुराकर ले गए थे। इसके बाद वह मोबाइल हर रात हटा देते थे। उनकी दुकान में करीब 15 लाख के मोबाइल रखे थे। जो उन्होंने अपने घर पर रखे थे। दुकानदार के मुताबिक जब बदमाश अंदर घुसे तो उनकी दुकान का एक लडक़ा कमरे में सो रहा था। आवाज से वह उठा तो चोर तुरंत शटर के नीचे से होते हुए भाग गए। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## रेलवे क्रॉसिंग के बीच में फंसी कार, हादसा टला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महू के पास आने वाले ग्राम पिगडंबर में एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। घटना रविवार दोपहर 3.40 बजे की है। यहां रेलवे क्रॉसिंग पर एक कार गेट बंद होने के बाद पटरी के बीच में फंस गई। दोनों तरफ से गेट भी बंद हो गया। तभी सामने से ट्रेन निकली। इस दौरान कार में बैठे लोगों को रेलवे कर्मियों ने बाहर निकाला गया। इन दिनों महू-इंदौर रेलवे लाइन का टू लेन का कार्य चल रहा है। इसके चलते क्रॉसिंग के बाहर पटरी बिछाई जा रही है। यहां मौजूद लोगों ने बताया कि रोजाना वाहन चालक यहां पर फंस रहे हैं। रेलवे की लापरवाही के चलते किसी भी दिन यहां पर बड़ा हादसा हो सकता है।

## बदमाशों ने मचाया उत्पात, 6 लोगों को चाकू मारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कैट चौराहे के पास चित्रकूट नगर में रविवार देर रात दो पक्षों के युवकों ने उत्पात मचाया। आरोप है कि उन्होंने फायरिंग की, पथराव किए और चाकू भी चलाए। देर रात रहवासी थाने पहुंचे और गुंडागर्दी के विरोध में प्रदर्शन किया। विवाद तब शुरू हुआ जब एक युवक ने कॉलोनी की लडक़ी को छेड़ दिया। वह युवक कॉलोनी में किराए से रहता है। जब युवती के भाई व अन्य लोगों ने समझाया तो वह मारपीट करने लगा। इस पर कॉलोनी के सभी लोग इक_ा हो गए। युवक ने अपने साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में 20 से ज्यादा युवक आए और चाकू चलाने लगे। हालांकि पुलिस गोली चलने से इनकार कर रही है। आरोपियों ने राजेश इंगले के अलावा कमल, प्रदीप सहित पांच-छह लोगों को चाकू मारे। आकाश और लखन को गंभीर चोट आई है। पुलिस का कहना है कि विवाद छेड़छाड़ नहीं, बल्कि घर के सामने खड़े रहने को लेकर हुआ।

## खुद के अपहरण की साजिश रचने वाली छात्रा अभी भी नहीं मिली

**इंदौर**। शिवपुरी की छात्रा काव्या धाकड़ (20) अपहरण मामले का खुलासा होने के बाद अब तक न तो कोटा पुलिस छात्रा का पता लगा सकी, न ही इंदौर पुलिस। छात्रा साथी छात्र के साथ लापता है। दोनों के परिजन आए दिन पुलिस अधिकारियों के चक्कर काटने पर मजबूर हैं। कोटा एसपी डॉ. अमृता दुहन का कहना है हमारी टीमें छात्रा की तलाश में जुटी हैं। एक टीम कई दिन से हमने इंदौर में ही स्टैंड करवा रखी है। वहीं इंदौर क्राइम ब्रांच भी तलाश में जुटी है। जल्द ही छात्रा का पता चल जाएगा। इधर, कोटा पुलिस के साथ काम कर रही क्राइम ब्रांच ने भंवरकुआं इलाके के 40 से ज्यादा होस्टल को तलाशा, लेकिन छात्रा का पता नहीं चला। होस्टल के छात्रों को भी छात्रा व उसके साथी के फुटेज व फोटो देकर सूचना देने का कहा है। वहीं एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया इंदौर से छात्रा के जाने के बाद हमने आस-पास के करीब 200 किमी के दायरे में शहर व ग्रामीण टीमों को अलर्ट किया है। इधर छात्र हर्षित के परिजन भी हमसे संपर्क में हैं, लेकिन दोनों ने परिजन से संपर्क नहीं किया। टीमें तलाश में जुटी हैं।

## नर्सिंग छात्रा को निर्वस्त्र कर डांस करवाने व बेल्ट से पीटने वाले को भेजा जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। परदेशीपुरा में एक रेत कारोबारी व मकान मालिक ने अपनी किराएदार नाबालिग छात्रा को निर्वस्त्र कर नचवाया। फिर उसे व उसके साथी को कुत्ता बांधने के बेल्ट से पीटा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं नाबालिग बेटे को नोटिस देकर छोड़ दिया। परदेशीपुरा पुलिस ने 17 वर्षीय नर्सिंग छात्रा की शिकायत पर आरोपी कपिल के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट और पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया मैं गांव जाने की तैयारी कर रही थी। इसलिए मैंने गत दिवस बचा हुआ सामान देने परिचित को बुलाया। शाम 4 बजे वह घर आया। हम सामान इकट्?ठा करने लगे तो रात 11 बजे मकान मालिक हमारे रूम का गेट खटखटाने लगा। हमने खोला तो व और उसका नाबालिग बेटा कमरे में घुस आया और वह गालियां देने लगा। फिर बेटे से कुत्ता बांधने का बेल्ट व बियर बुलाई। दोनों पिता-पुत्र ने हम दोनों को बेल्ट से पीटा। फिर कपिल ने हमें निर्वस्त्र कराकर गानों पर नचवाया, अश्लील हरकत की।

## महिला पर तेजाब फेंकने की धमकी

**इंदौर**। विजयनगर पुलिस ने एक सिरफिरे आशिक पर कार्रवाई की है। आरोपी एक शादीशुदा महिला से एक तरफा प्यार करता है। इसी के चक्कर में वह पीडि़ता का पीछा करने लगा। रविवार को भी उसने पीडि़ता का पीछा किया और रास्ता रोकने की कोशिश की। विरोध किया तो तेजाब फेंककर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीडि़ता ने यह बात अपने पति को बताई। फिर दोनों ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। विजयनगर पुलिस ने 24 साल की शादीशुदा युवती की शिकायत पर राहुल पुत्र इंदौरीलाल यादव निवासी भागीरथपुरा पर छेड़छाड़ करने और तेजाब फेंककर जान से मारने की धमकी देने के मामले में केस दर्ज किया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 9826044334, 9111156060 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक